प्रेस नोट
दिनांक 09.06.2025 संपूर्ण समाधान दिवस
जनपद गोण्डा।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा व अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मनकापुर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया-

आज दिनांक 09.06.2025 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में तहसील मनकापुर गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री उदित नरायण पालिवाल, थाना प्रभारी सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 09.06.2025

थाना छपिया पुलिस द्वारा गोवंशों की तस्करी करने के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार -

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री उदित नरायण पालिवाल के नेतृत्व में थाना छपिया पुलिस द्वारा मु0अ0स0-98/25, धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि व 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत शातिर अभियुक्त- फिरोज पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम मल्हीपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा को मसकनवा बाजार से पहले पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 08.04.2025 को थाना छपिया पुलिस को ग्राम मल्हीपुर में प्रतिबंधित पशु के मांस पाए जाने की सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। वादी मनीष कुमार पाण्डेय पुत्र शिव कुमार पाण्डेय नि0 हथियागढ थाना छपिया जनपद गोण्डा की तहरीर पर थाना छपिया में 03 नामजद व अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर थाना छपिया पुलिस द्वारा तत्काल एक अभियुक्त सलीम को गिरफ्तार कर लिया गया था । घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था तथा प्रभारी एस0ओ0जी0/सर्विलांस को भी घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था । जिसके क्रम में दिनांक 09.04.2025 को एस0ओ0जी0 व थाना छपिया की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाशों-01. नासिर, 02. कलीम घायल/गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा अभियुक्त फिरोज गिरफ्तार से बचने हेतु फरार चल रहा था।

आज दिनांक 09.06.2025 को थाना छपिया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त- फिरोज पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम मल्हीपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा को मसकनवा बाजार से पहले पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. फिरोज अहमद पुत्र मेवालाल निवासी मल्हीपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0स0-98/25, धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना छपिया जनपद गोण्डा।

गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. व0उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार यादव
02. हे0का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह
03. हे0का0 जितेन्द्र कुमार सिंह

मीडिया सेल, गोण्डा।